दीनानाथ भाष्कर पूर्व मंत्री
विधायक
भारतीय जनता पार्टी
सदस्य, प्रदेश कार्य समिति उ.प्र.
394 औराई, जिला-भदोही
पूर्व अध्यक्ष-उ.प्र.अनु.जाति और
जनजाति आयोग, लखनऊ

सदस्य विधान सभा उत्तर प्रदेश

पता: केन्द्रीय कार्यालय
विधानसभा- औराई, जिला-भदोही-221301
क-6 №. 501138
मो0- 08887151194, 09415223895
सदस्य अनु.जाति/जनजाति/विमुक्ति जाति
सयुंक्त समिति विधानसभा उ.प्र. लखनऊ

पत्रांक . . . . . . . . . . . . दिनांक 30.04.2021

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री जी,
उ0प्र0 सरकार, लखनऊ।

विषयः—जनपद भदोही में कोरोना (कोविड—19) के इलाज की व्यवस्था सुचारू ढंग से ठीक रखने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको सानुरोध अवगत कराना है कि जनपद भदोही अन्तर्गत महाराजा बलवन्त सिंह एल—2 चिकित्सालय भदोही में कोविड—19 के 135 बेड स्थापित हैं जिसमें 65 बेड और बढ़ाने की कवायद चल रही है तथा सरकार द्वारा दो अन्य सी.एच.सी. पर कोविड—19 का इलाज हेतु केन्द्र बनाये जाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन से मांगा गया है। जिसपर हम लोगों से भी चर्चा किया गया, जिसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औराई और सुरियावाँ का चयन किया गया है जिसका प्रस्ताव भी जिला प्रशासन द्वारा शासन में भेज दिया गया होगा।

सरकार द्वारा प्रत्येक जिले के 100 बेड वाले स्थायी चिकित्सालय में सरकार की तरफ से आक्सीजन प्लान्ट लगाने का निर्णय लिया है। जिसमें भदोही शामिल नहीं है, जिसे देखते हुए मैंने अपने विधायक निधि से 35 लाख रूपया तथा रमेश चन्द्र बिन्द जी सांसद ने अपने निधि से 35 लाख रूपया जिला प्रशासन को भदोही स्थित एल—2 कोविड चिकित्सालय में आक्सीजन प्लान्ट लगाने हेतु दिया है। इस प्लान्ट का खर्च लगभग 70 लाख रूपया आ रहा है।

उपरोक्त के अलावा सी.एच.सी. औराई और सुरियावाँ में 50—50 बेड का कोविड अस्पताल तथा 100 आक्सीजन सिलेण्डर की तत्काल में आवश्यकता है। मान्यवर देश के प्रधानमंत्री जी, उनकी कैबिनेट, अधिकारी तथा आप स्वयं कोरोना पॉजीटिव होने के बावजूद अपनी टीम को लेकर देश, प्रदेश की जनता

दीनानाथ भाष्कर पूर्व मंत्री
विधायक
भारतीय जनता पार्टी
सदस्य, प्रदेश कार्य समिति उ.प्र.
394 औराई, जिला-भदोही
पूर्व अध्यक्ष-उ.प्र.अनु.जाति और
जनजाति आयोग, लखनऊ

सदस्य विधान सभा
उत्तर प्रदेश

पता: केन्द्रीय कार्यालय
विधानसभा- औराई, जिला-भदोही-221301
क-6 №. 501137
मो0- 08887151194, 09415223895
सदस्य अनु.जाति/जनजाति/विमुक्ति जाति
सयुंक्त समिति विधानसभा उ.प्र. लखनऊ

पत्रांक . . . . . . . . . . . .                दिनांक 30.04.2021



के लिए संघर्ष कर रहें हैं तथा व्यवस्था में लगे हुए हैं परन्तु महोदय आप अवगत हो कि महाराजा बलवन्त सिंह कोविड–19 एल–2 हास्पिटल भदोही अस्पताल की स्थित ठीक नहीं है। दिनांक 27–04–2021 को प्रभारी चिकित्साधिकारी एल–2 अस्पताल से मोबाईल पर 40 मिनट फोन लगाता रहा लेकिन उनका फोन व्यस्त रहा। थक–हार कर मैंने फोन क़रना बन्द कर दिया। किसी कोविड अस्पताल के प्रभारी का मोबाईल 40 मिनट व्यस्त कैसे हो सकता है। उपरोक्त चिकित्सलय में उक्त चिकित्सालय के प्रभारी, इसमें तैनात डाक्टर, मरीजों के बीच में नहीं जाते हैं। डाक्टर का काम वार्ड ब्वाय करते हैं। जबकि जनपद के जिलाधिकारी महोदया के सास–ससुर जो उनके साथ ही रहते हैं कोरोना पॉजीटिव हैं उसके बावजूद भी जिलाधिकारी महोदया एवं जिला चिकित्साधिकारी कोविड अस्पतालों का दौरा करके अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें हैं, लेकिन अस्पताल में तैनात डाक्टर मरीजों को दवा नहीं दे रहे हैं, रेमडेसिवर इन्जेक्शन नहीं लगा रहें हैं। यहां तक मरीज का ऑक्सीजन खत्म होने के बाद भी ऑक्सीजन सिलेण्डर नहीं बदल रहें हैं जिसके लिए हम लोगों को फोन करना पड़ रहा है। सरकारी दवा अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोरो पर बिक रही है। हाथ का दास्ताना, मास्क बाहर बिक रहें हैं। स्थानीय डाक्टर, जिलाधिकारी एवं सी0एम0ओ0 को गुमराह कर रहें हैं।

आप यह भी अवगत हो कि जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर में 45 बेड का ऑक्सीजन पाइप लाईन लगा हुआ है परन्तु सी0एम0एस0 अपने यहां मरीजों को भर्ती नहीं कर रहें हैं और मरीजों के जाने पर वहां से भगा दे रहें हैं, कोई रिस्क लेना नहीं चाह रहा है, अपने दायित्व से मुकर रहें हैं। जो ऐसी स्थिति में ठीक नहीं है। जनपद में कोविड–19 के मरीजों को जो होम आइसोलेट हैं उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से ऑक्सीजन सिलेण्डर नहीं मिल पा रहा है जिससे जनपद के मरीज बेहाल हैं। जनपद के प्रमुख भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर जैसे

**दीनानाथ भाष्कर** पूर्व मंत्री
**विधायक**
भारतीय जनता पार्टी
सदस्य, प्रदेश कार्य समिति उ.प्र.
394 औराई, जिला-भदोही
पूर्व अध्यक्ष-उ.प्र.अनु.जाति और
जनजाति आयोग, लखनऊ

सदस्य विधान सभा
उत्तर प्रदेश

पताः केन्द्रीय कार्यालय
विधानसभा- औराई, जिला-भदोही-221301
क-6 №: 501136
मो0- 08887151194, 09415223895
सदस्य अनु.जाति/जनजाति/विमुक्ति जाति
सयुंक्त समिति विधानसभा उ.प्र. लखनऊ

पत्रांक . . . . . . . . . . . .    दिनांक 30.04.2021



बस अड्डा, अस्पताल, तहसील, ब्लाक, जिला कचहरी तथा बाजारों को सेनेटाइज नहीं किया जा रहा है।

महोदय 2 मई को जिला पंचायत की गणना के लिए 72 घण्टे के अन्दर काउन्टिंग एजेण्टों को कोविड–19 जांच का आदेश जिला प्रशासन द्वारा दिया गया है जो उचित है परन्तु डीघ ब्लाक में स्थापित अस्पतालों में फर्जी निगेटिव रिपोर्ट काउन्टिंग एजेण्टों को दी जा रही है। ऐसी उम्मीद है कि काउन्टिंग के बाद बड़े पैमाने पर कोविड के मरीज बढ़ेगें।

अतः आपसे निम्न निवेदन करना है कि:–

1– जनपद भदोही में संयुक्त चिकित्सालय सरपतहां भदोही में ऑक्सीजन सिलेण्डर रिफिलिंग का प्लान्ट स्थापित किया जाये।

2– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औराई तथा सुरियावॉ में 50–50 बेड का अस्पताल सिलेण्डर सहित कोविड–19 अस्पताल स्थापित कराया जाये।

3– होम आइसोलेट मरीजों को भी सिण्लेडर के व्यवस्था अनुमानित रिपोर्ट लेकर कराया जाये।

4– महाराजा बलवन्त सिंह एल–2 कोविड चिकित्सालय भदोही की जाँच कर लापरवाह डाक्टरों के खिलाफ कार्यवाही किया जाय।

5– ज्ञानपुर स्थित जिला चिकित्सलय में ऑक्सीजन युक्त 45 बेड पर गम्भीर नान कोविड–19 मरीजों को भर्ती कराया जाय।

6– भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर सेनेटाइज हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया जाय।

7– डीघ ब्लाक में काउन्टिंग एजेण्टों को कोविड–19 की बनायी जा रही निगेटिव रिपोर्ट की जाँच कर कार्यवाही की जाय।

सादर।

दीनानाथ भाष्कर
विधायक 30.04.21
वि० स० क्षेत्र–394 औराई
जनपद–भदोही